# शीतला माता के दर्शनों के लिए कागा तीर्थ पर श्रद्धालु उमड़े

**जोधपुर**, (कासं)। पारिवारिक माहौल में शीतलता एवं बच्चों को चर्म संबंधी बीमारियों से संरक्षण की मनौती से जुड़ा शीतलाष्टमी पर्व मंगलवार को मनाया गया। शीतलाष्टमी पर मंगलवार को शीतला माता के दर्शनों के लिए कागा तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पड़ी। इस अवसर पर घर-घर में शीतला माता की पूजा-अर्चना हुई और सौभाग्यवती महिलाओं ने पति और पुत्र की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। मान्यता के अनुरूप सुबह शीतला माता की पत्थर पर मूर्ति बनाई गई और इसके बाद पूजन किया गया। बच्चों को शीतला माता के समक्ष धोक लगवाई गई। ऐसी आस्था है कि शीतला माता की धोक लगाने से बच्चे स्वस्थ रहेंगे।

शीतलाष्टमी पर घरों में शीतला माता, ओरी माता, अचपड़ाजी एवं पंथवारी माता का प्रतीक बनाकर पूजन किया गया। खास बात यह है कि आज के दिन माता शीतला को शीतल और एक दिन पहले पकाए गए पकवानों का भोग लगाया गया। कुछ घरों में सूर्योदय से पूर्व पूजा हुई तो कई परिवारों ने सूर्योदय के बाद शीतला माता की विधिवत पूजा की। वहीं कागा तीर्थ स्थल में मां शीतला के मंदिर में सुबह से भीड़ पडनी शुरू हो गई। मंदिर के कपाट खुलते ही लोग शीतला माता की पूजा-अर्चना में जुट गए। दिन चढने के साथ लोगों की भीड़ बढ़ती गई। केवल जोधपुर ही नहीं बल्कि दूर-दराज के लोग भी माता के दर्शन करने पहुंचे। शीतला माता पूजन पूरे भारत में केवल जोधपुर में चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी के बजाय दूसरे दिन अष्टमी के दिन किया जाता है। इसका प्रमुख कारण विक्रम संवत 1826 में सप्तमी के दिन जोधपुर के तत्कालीन महाराजा विजयसिंह के महाराज कुमार की मृत्यु होने से जोधपुर सहित मारवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों में अकता रखने की परम्परा है।

### अच्छे स्वास्थ्य की कामना की

श्रद्धालुओं ने मां शीतला के समक्ष शीश नवाकर पारिवारिक सदस्यों के व्यवहार में शीतलता व शिशुओं को ओरी-अचपड़ा सहित चर्म संबंधी बीमारियों से संरक्षण प्रदान करने की मनौती मांगी। कई महिलाओं ने शिशुओं को माता के चरणों में लिटाकर चरणामृत पिलाया। रंग-बिरंगे पारम्परिक परिधान पहने महिलाएं मंगल गीत गाते हुए शीतला माता के मंदिर पहुंची। पूजन के दौरान एक दिन पूर्व घरों में बनाए गए पकवानों का भोग लगाकर घर के सभी बतौर प्रसादी ठंडा ग्रहण किया। अधिकांश घरों में शीतलाष्टमी को चूल्हा नहीं जला। दूध व चाय भी नहीं पी गई। कैर-सांगरी का पंचकूटा, चावल, मिष्ठान, कर्बा, कढ़ी, दही-राबड़ी, पूड़ियां, पापड़, मठरी, सिलवड़े, खीचिए, गुलगुले, खाजा, कांजी बड़े, तली हुई खाद्य वस्तुएं और कई नमकीन व्यंजन खाए गए।

इधर कागा की पहाडि़यों में स्थित मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की दर्शनार्थ भीड़ रही। सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। इसके साथ ही यहां कई गेरें भी आई।

जोधपुर शहर के अलावा आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु गेर लेकर आए। वे चंग की थाप पर नाचते-गाते आए। कई लोगों ने स्वांग भी रचा रखा था। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से फाग गीतों पर झूमती टोलियों के मंदिर पहुंचने का क्रम दिनभर जारी रहा। मंडोर एवं महामंदिर क्षेत्र के गेर के सदस्य विशेष वेशभूषा पहने तथा पैरों में घुंघरू एवं ढोल पर नाचते गाते मेले में पहुंचे।

कागा तीर्थ पर चल रहे मेले में मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशेष इंतजाम किए गए है ताकि यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना उठानी पड़ी। दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की तरफ से भी सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए है। शीतला माता (कागा तीर्थ) ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्मल कच्छवाहा ने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवान मंदिर के आसपास मौजूद है जिससे कि असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन की व्यवस्था के लिए स्वयंसेवक तैनात किए गए है।

### दर्शनों की अलग-अलग व्यवस्था

प्रवक्ता कुलदीप गहलोत ने बताया कि मन्दिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखा गया है और दर्शनार्थियों के सहूलियत के लिए 24 घंटे दर्शन की व्यवस्था रहेगी। मेले के दौरान महिलाओं-पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन की व्यवस्था रहेगी। मंदिर की सीढियों से निकासी द्वार तक जगह-जगह क्लोज सर्किट कैमरे से नजर रहेगी। मंदिर में 35 पुजारी की टीम दो घंटे के अवधि में बारी-बारी से सेवाएं देगी। वहीं सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर में सुरक्षा गार्ड और 60 हाई क्वालिटी के कैमरे भी लगवाए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बेरिकेडिंग भी की गई है। इसके अलावा पीने के पानी के लिए आरओ प्लांट भी लगाया गया है।

# आयुर्वेद वि.वि. में नाड़ी परीक्षण पर कार्यशाला शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर क्रिया शरीर विभाग द्वारा दो दिवसीय नाड़ी परीक्षण विषयक कार्यशाला मंगलवार को विवि के सभागार में शुरू हुई।

कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर कहा कि नाडी परीक्षण एकमात्र ऐसी विधा है जिसके द्वारा रोगी के दोष, धातु, मल की स्थिति का पता कर रोग की प्रकृति एवं विकृति का पता लगाकर सुव्यवस्थित चिकित्सा प्रबंधन किया जा सकता है, आयुर्वेदीय शास्त्रीय ठांथो में त्रिदोषों के आंकलन में नाड़ी परीक्षण का महत्व हैं, नाड़ी परीक्षण चिकित्सक के कौशल पर अत्यधिक निर्भर हैं। आयुर्वेद के सन्दर्भ में नाड़ी ज्ञान का वैज्ञानिक रूप से विश्लेषण करने के लिए युगानुरूप में अनुसन्धान की आवश्यकता है। कार्यशाला के प्रथम दिन मुंबई के पूर्व प्रोफेसर डॉ. विनायक विट्ठल तायड़े ने अपने व्याख्यान में कहा कि नाड़ी परीक्षण का आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण स्थान है। इस परीक्षा में वैज्ञानिक तकनीक का प्रयोग न केवल रोग का निदान करने में मदद करता है, बल्कि यह व्यक्ति के प्रकृति, विकृति और दोष स्थिति का भी विश्लेषण करता है। यह दोष (वात, पित्त कफ) की प्रकृति और उनके विकृतियों को पहचानने में मदद करती है। नाड़ी परीक्षा से व्यक्ति को उचित आहार, व्यायाम और जीवन शैली की सलाह दे सकते है। प्रो. विट्टल ने नाड़ी परीक्षा की विधि का प्रायोगिक प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सुबह का समय नाड़ी परीक्षा करने के लिए उत्तम माना जाता है। रुग्ण को शांत, स्वच्छ कक्ष में बिठाकर नाड़ी को उचित विधि से पकडक़र सूक्ष्म विवेचन करना चाहिये। नाड़ी परीक्षा के समय नाड़ी तालिका, मुंडरा, गुणमाला आदि का प्रयोग करना चाहिये। कुलसचिव प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल ने नाडी परीक्षण के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि बीएएमएस के प्रथम वर्ष से विद्यार्थियों को नाडी परीक्षण सम्बन्धी प्रशिक्षण देना चाहिए जिससे उच्च गुणवत्ता की दक्षता एवं कौशल प्राप्त हो सके।

### देशभर से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ

कार्यशाला के आयोजन सचिव एवं मीडिया प्रभारी डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का परिचय देते हुए बताया कि महानगर आयुर्वेद सेवा संघ, नासिक के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें आयुर्वेद एवं नाड़ी विशेषज्ञ केजीएमपी आयुर्वेद महाविद्यालय, मुंबई के पूर्व प्रोफेसर डॉ. विनायक विट्टल तायड़े एवं डॉ. खुशबू पाम्परा ने शास्त्रीय संदर्भों के अनुरूप अतिथि व्याख्यान एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। नाड़ी तालिका की स्थिति, गति और उसकी विभिन्न ध्वनियां का विश्लेषण करना चाहिये। उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्य एवं कार्यशाला आयोजन अध्यक्ष प्रो. महेन्द्र कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह कार्यशाला स्नातकोत्तर छात्रों के लिए चिकित्सा कार्य में उपयोगी साबित होगी।

स्नातकोत्तर द्रव्यगुण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. चन्दन सिंह, छात्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द प्रसाद गुप्ता, प्रो. नीलिमा रेड्डी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजाराम अठावाल, फार्मेसी निदेशक डॉ. विजयपाल त्यागी, सीएचआरडी निदेशक डा राकेश शर्मा, आईआईटी जोधपुर की प्रोफेसर मिताली मुखर्जी, पंचकर्म विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानप्रकाश शर्मा, योग साधना केन्द्र के प्रभारी डॉ. चन्द्रभान शर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. विष्णु दत्त शर्मा, टीचर्स वेलफेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. श्योराम शर्मा, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. दिनेश कुमार राय, डॉ. मनीषा गोयल, डॉ. अरुण दाधीच, कार्यशाला के कोर्डिनेटर डॉ. पूजा पारीक, डॉ. हेमंत एवं सदस्य डॉ. अनीश, डॉ. रमेश, डॉ. वर्षा सहित स्नातकोत्तर अध्येता, क्रिया शरीर के स्नातकोत्तर अध्येता उपस्थित रहे।

## आनंद भाटी ठाकर व परिवार पर धोखाधड़ी का केस

**जोधपुर**, (कासं)। मिठाई की दुकान चलाने वाले आनंद भाटी ठाकर और उसके परिवार के लोगों पर 16 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण भगत की कोठी थाने में दर्ज हुआ है। पीड़ित सोने चांदी- हीरे का व्यापारी है। उससे सोने और हीरे के आभूषण खरीद किए गए थे। पांच साल बाद भी रूपए नहीं दिए गए। पीड़ित से चार लाख की उधारी रावण का चबूतरा मेला में स्टाल लगाने के नाम पर भी ऐंठ लिए। रूपयों का तकाजा किए जाने पर भाटी और उसका परिवार जान की धमकियां देने लगा है। पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति है और उसने अब अदालत की शरण लेकर प्रकरण दर्ज करवाया है।

बासनी सरस्वती नगर निवासी दीपक मोदी पुत्र मनमोहन मोदी की तरफ से प्रकरण दर्ज करवाया गया है। इसमें बताया कि वह सोने चांदी एवं हीरे का कारोबार करता है। 16 जून 2019 में पोकर स्वीट होम के आनंद भाटी ठाकर, उसके पुत्रों आदि में उससे 12 लाख के हीरे जड़ित जेवरात की खरीद की थी। जिस पर रूपए बकाया रखने के साथ बाद में देने को कहा था। पीड़ित की रिपोर्ट के अनुसार उसने भाटी परिवार को 48.312 ग्राम गोल्ड और 9.09 कैरेट के हीरे के आभूषण दिए थे। इन लोगों से जब बाद में रूपयों का तकाजा किया गया तो वे जान की धमकीं देने लगे। आनंद भाटी ठाकर के बड़े भाई श्याम भाटी ने भी जान की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि वह कई बार रूपयों का तकाजा कर चुका है मगर उसे रूपए नहीं दिए गए। इसके बावजूद आनंद भाटी ठाकर रावण चबूतरा स्थल पर मेले में स्टाल लगाने के नाम पर भी 4.10 लाख रूपए उधार लिए थे, वे भी लौटाने से इंकार कर दिए। बुजुर्ग दीपक मोदी की तरफ से अदालत की शरण से पोकर स्वीट होम के आनंद भाटी ठाकर, श्याम भाटी, पत्नी, पुत्रों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करवाया है।

## अफीम का दूध पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। जिला पश्चिम में झंवर, कुड़ी थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थ के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर अफीम का दूध, तैयार अफीम और कार को जब्त किया गया है। वहीं तीसरे युवक से देशी पिस्टल बरामद हुई है। झंवर थानाधिकारी मूलाराम चौधरी मयजाब्ते के गश्त पर धवा के पास में एक कार को रूकवा कर उसमें सवार युवक से पड़ताल की गई। युवक के पास से 19.5 गा्रम अफीम का दूध और 374 ठााम तैयार अफीम बरामद हुई।

## स्नेह मिलन हुआ

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा जालोर व्का आदर्श विद्या मंदिर में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ। उपशाखा मंत्री खुशवन्त नाग ने बताया कि शैतान सिंह राजपुरोहित व चुनाराम बोराणा सहित कई जनों की मौजूदगी रही।

# कांग्रेस ने हमेशा लोगों को छलने का काम किया : भगवानसिंह बाबा

**जालोर**, (कासं) लोकसभा क्षेत्र जालोर सिरोही से बसपा उम्मीदवार लालसिंह राठौड़ धानपुर ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया।

इस दौरान बसपा के प्रदेशाध्यक्ष भगवानसिंह बाबा व प्रदेश महासचिव साथ रहे। इससे पूर्व बसपा प्रत्याशी लालसिंह ने भगतसिंह स्टेडियम में सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए बसपा के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि हम आजादी के 75 साल में ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हम लोगो को हमेशा छलने का काम किया है। बाबा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

प्रत्याशी लालसिंह राठौड़ ने कहा कि दो दशक से भाजपा का जालोर सीट पर कब्जा है, लेकिन क्या विकास किया।

लालसिंह ने कहा कि जिले में बिजली, सड़क, पानी हो या कॉलेज में शिक्षकों की कमी किसी पर भी भाजपा के सांसद ने ध्यान नहीं दिया। जनता मुझे मौका देती है तो में विकास में कोई कमी नहीं रखूंगा। उन्होंने कहा कि जालोर, सिरोही, सांचोर की पीड़ा इनको पता नहीं है। उन्होंने सांसद देवजी पटेल पर आरोप लगाया कि इनके पास गिनाने के लिए कोई काम नहीं है। मोदी सरकार डीजल, पेट्रोल, महंगाई पर काबू नहीं कर सकी और रोजगार नहीं दे सकी। उन्होंने कहा कि जालोर की जनता पर कोई ध्यान नहीं है इनका। ग्रेनाइट इंडस्ट्रीज ठप पड़ी है। लालसिंह ने मारवाड़ी में संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों से कहा कि तुम्हे आयोडो चाहिए या जायोड़ो। आया हुआ तो जोधपुर जाएगा। कार्यक्रम में कई वक्ताओ ने संबोधित किया।

ाामांकन दाखिल करने आए लालसिंह राठौड़ के समर्थकों ने कलेक्ट्रेट के बाहर राठौड़ पर जेसीबी से फूलों की बरसात की।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते भगवान सिंह बाबा, प्रदेश अध्यक्ष बसपा राजस्थान, विशिष्ट अतिथि जगदीश चंद्रपाल महासचिव बसपा राजस्थान, वरिष्ठ अतिथि हरिश्चंद्र सिंह गॉड जोन प्रभारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता लाल सिंह राठौड धानपुर लोकसभा प्रत्याशी जालोर-सिरोही, अतिथि के नाते कल्याण सिंह, सुमेरसिंह, प्रेम सिंह, ओम प्रकाश मेघवाल, गोविंद सिंह, जितेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, रामाराम, भगवाना राम, केसाराम देवासी, भुबाराम भील, राकेश भील, संतोष कुमार ,अमराराम चुरा लोकसभा प्रभारी ,लक्ष्मण कलमा लोकसभा प्रभारी, पर्वत सिंह आसन, जिला अध्यक्ष जालौर, अजय कुमार चौधरी जिला अध्यक्ष सांचौर, सलीम शेख जिला अध्यक्ष सिरोही, ओमप्रकाश चौहान पूर्व प्रत्याशी जालौर विधानसभा, सुखराम बॉस पूर्व प्रदेश सचिव, लालचंद माली ,भंवरलाल भैसवा?ा, तुलसाराम पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा,अनीश अली आहोर ,पै तलेश चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा, सुमेरसिंह कारोला, बलराम गोदन,टीकमाराम देवासी, मानाराम गोयल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे

## पाली में देवासी सहित चार नामांकन

**पाली**, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए पाली लोकसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया में मंगलवार को तीन प्रत्याशियों ने 4 नामंकन पत्र दाखिल किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी, एलएन मंत्री ने बताया कि लोकसभा चुनाव के नामांकन प्रक्रिया मे मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लाल सिंह देवासी, इसी तरह इंडियन नेशनल कांग्रेस से संगीता बेनीवाल ने दो नामांकन पत्र दाखिल किया तथा इंडियन पीपल्स इंडियन पीपल्स ग्रीन पार्टी के बस्तीराम ने नामांकन दाखिल किया। पाली लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान की अवधि सुबह 7 बजे से 6 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए 4 अप्रैल तक नामांकन किए जा सकेंगे। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। निर्दलीय प्रत्याशी लाल सिंह देवासी ने अपने समाज के सैकड़ो लोगों के साथ पहुंचे नामांकन किया

## पी.पी. चौधरी आज नामांकन करेंगे

सांसद पीपी चौधरी भाजपा प्रत्याशी के रूप में बुधवार को तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी का नामांकन करेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण दवे ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह, प्रवेश वर्मा दिल्ली के साथ जिले के विधायक सभी भाजपा नेता वह कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद रहेंगे।

विवेकानंद सर्किल पर विशाल आम सभा होगी। आठ विधानसभा में बूथ स्तरीय, शक्ति केंद्र कार्यशाला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है।

## सार-समाचार

### तिलवाड़ा पशु मेले की तैयारी

**बालोतरा**, (निसं)। जिले का प्रसिद्ध श्री मल्लीनाथ पशु मेला तिलवाड़ा में 5 अप्रैल से 19 अप्रैल 2०24 तक आयोजित किया जाएगा। जिले के सबसे बड़े इस राज्य स्तरीय पशु मेले की सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा समुचित व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए उपखण्ड अधिकरी राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैङ्कक आयोजित हुई। जिसमें पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग व सीईटीपी ट्रस्ट के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में तिलवाड़ा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने को लेकर व्याख्याता डॉ. रामेश्वरी चौधरी को निर्देशित किया गया। सभी प्रतिभागी विभागों को हर वर्ष की भांति पूर्ण सौहार्द के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ हीं पशुपालन विभाग को मेला स्थल पर समस्त तैयारी को अंतिम रूप देते हुए रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपखण्ड अधिकरी राजेश कुमार ने कहा कि तिलवाड़ा पशु मेले के संबंध में सभी समुचित व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाए। मेला अवधि के दौरान सफाई, पानी, बिजली, चारा एवं यातायात व्यवस्थाओं के साथ पशुपालकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराए। बैठक के दौरान उपखण्ड अधिकरी ने तिलवाड़ा पशु मेले में पशुओं की संभावित आवक एवं क्रय-विक्रय, पेयजल एवं परिवहन समेत पशु चिकित्सा इंतजामों की विस्तार के साथ जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस जाब्ता लगाया जाएगा। उन्होने मेले के दौरान पशुओं के लिए चारे, पानी एवं यात्रियों के लिए भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मन्दिर सहित तीन जगह चोर पहुंचे

**रेवदर**, ( निसं)। कस्बे के बाणेश्वर मन्दिर में शीतला सप्तमी की रात्रि 1¬52 बजे चोर ताला तोडकर मन्दिर में घुसे। दो चोर मुंह ढककर मन्दिर में 12 मिनट तक गहने व पैसे ढूंढते रहे। अंदर कुछ भी नहीं मिलने पर मन्दिर से बाहर निकले। मन्दिर परिसर से बाहर फर्नीचर गोडाउन व एक दुकान से ताले तोडकर लगभग दो हजार रूपए के सिक्के सहित टॉफी व नमकीन के पैकेट चोरी कर फरार हो गए । सुबह मन्दिर में पुजारी व दुकान पर दुकानदार पहुंचे तो ताले टूटे हुए थे, जिसकी सूचना अनादरा पुलिस को दी । सूचना पर थानाधिकारी हिंगलाज दान चारण, हैड कांस्टेबल ताराराम जाब्ते सहित व सरपंच शैतान सिंह, दिनेश रावल मौके पर पहुँचे । पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज व जानकारी प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है, खबर लिखे जाने तक नहीं दी रिपोर्ट। बाणेश्वर मन्दिर में शीतला सप्तमी की रात्रि को चोरों ने मन्दिर को निशाना बनाने का प्रयास किया, लेकिन पुजारी मन्दिर से गहने शाम को घर पर ले गया, जिससे बड़ी चोरी होने से टल गई। चोर बड़ी चोरी को अंजाम देने आए थे लेकिन पुजारी की होशियारी के कारण बडी चोरी को अंजाम नहीं दे पाए।

### अफीम के दूध सहित एक जना गिरफ्तार

**सांचौर**, (निसं)। जिला अधिक्षक सांचोर हरी शंकर, एएसपी सुरेशकुमार मेहरानियां के निर्देशानुसार डिप्टी जेठूसिंह करनोत वृताधिकारी वृत सांचोर के सुपरविजन में आगामी लोकसभा आम चुनाव के मध्यनजर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध अलग-अलग टीमों के द्वारा प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा रही हैं। सांचोर पुलिस ने मंगलवार को रहवासी मकान से 800 ग्राम अफीम का दुध सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थानाधिकारी सांचोर हुकमाराम मय टीम के द्वारा आबादी धानता में आरोपी छगनपुरी पुत्र दयालपुरी गोस्वामी निवासी धानता के रहवासी मकान पर दबिश देकर मकान की नियमानुसार तलाशी ली गई तथा मकान में से कुल 800 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया गया, तथा साथ में एक स्विफट कार को जब्त किया गया। अभियुक्त छगनपुरी को गिरफ्तार किया जाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त छगनपुरी से अवैध अफीम के दूध की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ जारी है।

### तस्करी में पकड़े ट्रक का मालिक दबोचा

**सांचौर**, (निसं)। पुलिस अधीक्षक जिला सांचौर हरिशंकर आईपीएस द्वारा लोकसभा चुनाव को मध्यनजर रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा वाछिंत अपराधियो की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शराब तस्करी में पकड़े गये ट्रक के मालिक को पुलिस ने गिरप्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचोर सुरेश कुमार मेहरानियां, आरपीएस के निर्देशन मे, वृताधिकारी वृत सांचोर जेठुसिंह आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना चितलवाना इन्द्राजसिह निरीक्षक पुलिस मय जाब्ता द्वारा अनुसंधान के दौरान आबकारी अधिनियम पुलिस थाना सांचोर में अवैध शराब में प्रयुक्त वाहन ट्रक के मालिक (वाहन स्वामी) सत्यवीरसिंह पुत्र मांगेराम जाति जाट निवासी गांव छप्पार पुलिस थाना माछरोली जिला झज्जर हरियाणा को उसके गांव से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफतार किया गया। आरापी सत्यवीरसिंह से प्रकरण मे अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस प्रकरण में पूर्व मे मुख्य अभियुक्त प्रहलादराम पुत्र सांवलाराम जाति कलबी निवासी पलादर पुलिस थाना सांचोर को गिरफतार किया जा चुका है।

### जितेन्द्र गहलोत ने कार्यकारिणी बनाई

**बालोतरा**, (निसं)। शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ जिला बालोतरा संघ के संविधान प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिलाध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत ने निम्नानुसार जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें जिला परामर्शक मेहराराम सरवटे, रमजान खान पठान, अशोक कुमार शर्मा, हिम्मतसिंह राठौड, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश खारवाल, रंकज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हिरदेश पालीवाल, मुकनाराम चौधरी, केसर लाल चौधरी, प्रदीपसिंह जिला महामंत्री चुनाराम चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष चेतन डांगी, जिला प्रवक्ता गिरीश शर्मा, जिला संयुक्त मंत्री धनाराम चौधरी, महेंद्र जोशी, कपिल कुमार, जिला कार्यालय मंत्री हडमताराम पंवार ,वि मसिंह सोढा, जिला महिला मंत्री चंद्रप्रभा गर्ग, दीपिका सोनी, मनीषा, जिला प्रचार मंत्री गोपाल सोनी, हनुमानराम, अशोक सारण, जिला संगठन मंत्री अभिषेक गौड, अशोक शर्मा, विक्रमसिंह राव को मनोनीत किया गया।

### प्राकृतिक उपचार शिविर लगाया

**फालना**, (निसं)। आर सी मेमोरियल हॉस्पीटल फालना में दो दिवसीय आयोजित प्राकृतिक थैरेपी, क्लीजिंग थेरेपी कैम्प का सफल आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित डॉक्टर यशपाल गुप्ता गाजयिाबाद से एवं डॉक्टर सुरेश कुमार चौबुक नजफगढ एवं विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी अमित मेहता,करमवीर मेवाडा पार्षद नीलम सोनी,जगदीश सोनी, भरत चौधरी का कैम्प के आयोजकों समंदर सिंह रावणा ,समंदर सिंह चौहान, व सह सयोजक कैलाश चौधरी,चंद्रमोहन जोधपुर के द्वारा पुष्प माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया कैम्प में आए प्रशिक्षण लेने हैं झाँडोली के कैलाश कुमार हिमाचल प्रदेश से हरीश,भवानी सिंह पिण्डवाडा अमर सिंह दुजाना एवं अन्य प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। डॉक्टर और यशपाल गुप्ता ने बताया कि क्लिंजगि थैरपी द्वारा हार्ट अटैक से कैसे बचाव करें एवं लीवर व किडनी को डिटॉक्स कर स्वच्छ जीवन रोग मुक्त होकर जीवन यापन करने पर जोर दिया गया।

### नाकाबंदी में ढाई लाख रुपए पकड़े

**रेवदर**, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत विधानसभा क्षेत्र रेवदर नियुक्त एफ.एस.टी प्रभारी- दीपचंद द्वारा भटाणा चेक पोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान वाहन जांच के दौरान मोहम्मद एच चौधरी निवासी बनासकांठा गुजरात के दो लाख पचास हजार रूपये मात्र पाये गये। जिससे जानकारी प्राप्त करने पर कोई संतोषप्रद जवाब या दस्तावेज नही देने से उक्त नकद राशि को एफ.एस.टी संख्या 1०/148 प्रभारी दीपचंद द्वारा जब्त कर ली गई और जब्त नकद राशि को नियमानुसार कोष कार्यालय सिरोही भिजवा दिया गया। नाकाबंदी के दौरान एफएसटी टीम के साथ सहायक उप निरीक्षक मंगल सिंह, हैड कांस्टेबल गणेश राम मय पुलिस जाब्ता टीम भी मौजूद रहे। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय रेवदर के मीडिया इंचार्ज मनोज नालिया द्वारा दी गयी।

### स्वीप के तहत गायन प्रतियोगिता

**जालोर**, (कासं)। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रियंका शर्मा ने बताया कि चुनावी साक्षरता क्लब ( ई एल सी ) तथा एन एस एस के विधार्थियों ने मतदान जागरुकता के लिए गीत प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में ललिता, विमला तथा रेखा ने क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रधान चैनकरण सिंह करणोत ने विद्यार्थियों को मतदान हेतु जागरुकता बढ़ाने में उनकी भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## सार-समाचार

### जालोर के वुशू खिलाड़ियों ने जीते 8 मैडल

**जालोर**, (कासं)। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में जम्मू में 26 से 31 मार्च तक आयोजित 23वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता व खेलो इण्डिया राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 6कांस्य,2 रजत सहित कुल 8 पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि सब जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में दिव्या गोदारा ने रजत पदक, मयंक भादरु, विहानराज सक्सेना, ईशिता चौधरी, सनाया बेनीवाल व योगेन्द्र चौहान ने कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं खेलो इण्डिया राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में वन्दना चौहान ने रजत पदक व सनाया बेनीवाल ने कांस्य पदक अर्जित कर जालोर सहित समूचे राजस्थान का गौरव बढ़ाया। वुशू खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि वुशू कोच देवेश आर्य व प्रीतमसिंह राठौड़ के सानिध्य में हासिल की। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, इंटरनेशनल वुशू कोच राजेश कुमार टेलर, जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य,आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत सिंह, सेपक टकरा संघ के अध्यक्ष विनोद आर्य, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य,भरत मेघवाल, छगन आर्य,जगदीश आर्य,अम्बिका प्रसाद तिवारी, वरुण शर्मा, छगननाथ, मोहनलाल आर्य, ओमप्रकाश खंडेलवाल, जितेंद्र परिहार,भूराराम आर्य, चिंकु देवी, अक्षयपाल सिंह राठौड़, किरण चौहान, डूंगाराम जांगिड़,संतोष सोनी,सहित वुशू खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

### बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा की

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा उपखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को जिले में बाल विवाह आयोजनों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार ने बाल विवाह को रोकने संबंधी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की तथा बाल विवाह रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा एवं अन्य सावों पर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह के आयोजन के रोकथाम हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ऐसे बच्चो की सूची तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया, जो विद्यालय छोड चुके है तथा नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित नहीं होते है। साथ ही सूची को महिला एवं बाल विकास के साथ साझा करते हुए ऑनलाईन अपलोड करे। पुलिस विभाग सूचना तंत्र के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में अबुझ सावों पर होने वाले संभावित बाल विवाह की रोकथाम की कार्यवाही करें। पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी भी ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह के बारे में सतर्क रहकर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें। बाल विवाह रोकने के लिए समाज की मानसिकता एवं सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक है। इस संदर्भ में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जन सहभागिता व चेतना जागृत करने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाना आवश्यक है।

### आई.जी. ने कनाना मेले का जायजा लिया

**बालोतरा**, (निसं)।जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार मंगलवार को कनाना मेले में पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से बातचीत की और उनका हाल-चाल पूछा। कुमार ने तप्ती धूप में मुस्तेदी से ड्यूटी कर रहे जवान ठाकराराम की पीठ थपथपाई और उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कडी मेहनत कर रहे हैं और उनकी यह सेवा सराहनीय है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुंनद कंवरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, पुलिस अधीक्षक, बालोतरा थानाधिकारी ओमप्रकाश बिश्नोई, जसोल थानाधिकारी चन्द्रसिह भाटी सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। कुमार ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कडे इंतजाम किए जाएं। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेले में किसी भी प्रकार की अराजकता या अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस कर्मी मेले में आने वाले लोगों के प्रति विनम्र और सहायक व्यवहार करें। कुमार ने मेले में आने वाले लोगों से भी अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### ब्लड डोनर्स का हस्ताक्षर अभियान शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर ब्लड डोनर्स की ओर से होली स्नेह मिलन आयोजित किया गया। इस दौरान शहीद सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नवनीत बोहरा ने बताया कि रेलवे इंस्टिट्यूट में रक्त-वीरों का स्नेह मिलन आयोजित किया गया। जेबीडी समूह के संस्थापक विशाल हिन्दुस्तानी, टीम रुद्राक्ष तथा रोबिनहुड आर्मी के विशाल पुरोहित, हंसमुख दाधीच, जितेन्द्र व्यास, कृष्णपाल सिंह, दीपशिखा राठौड़, करण मेवाड़ा, देव जन्सारी, रोहित अठावाल, सुभाष चौहान, दीपक पुरोहित, ललित पंवार, संदीप सोलंकी, चेतन प्रकाश, दिलीप शर्मा, विजय सोनी, सुमित माहेश्वरी, नकुल सोनी, धर्मेन्द्र रांकावत, राहुल राठौड़, संदीप हर्ष, सम्वितेश्वर पुरोहित तथा उदयमन्दिर थाना उपनिरीक्षक मनोज कुमार परिहार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में रेलवे कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन मनोज कुमार परिहार का विशेष योगदान रहा।

### आदिनाथ भगवान का महोत्सव मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। जैनों के प्रथम तीर्थकर आदिनाथ भगवान का जन्म व दीक्षा कल्याणक महोत्सव विभिन्न जिनालयों में अभिषेक, पंच कल्याणक पूजन, महिमा गुणगान सहित कई कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक युवा महासंघ के प्रवक्ता धनराज विनायकिया ने बताया कि आदिनाथ गोलियां जैन मंदिर ट्रस्ट मंडल व भक्ति मंडल के तत्वावधान में तीर्थंकर आदिनाथ प्रभु का जन्म व दीक्षा कल्याणक महोत्सव नगर स्थित रत्न प्रभ धर्म क्रिया भवन में मनाया गया। इस दौरान सुबह तपागच्छ संघ महिला लखारा उपाश्रय, आदिनाथ जैन गोलियां मंदिर में पंचकल्याणक पूजन आदेशर वल्लभ महिला मंडल द्वारा तथा केशरिया नाथ जैन मंदिर खापटा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान श्रावक मनोहरलाल हिरण, विनोदकुमार मेहता, महेंद्र मेहता, ललित पोरवाल, रतन बागरेचा, राकेश धारीवाल, विजयराज, हनी भंडारी, मनीष मेहता आदि उपस्थित रहे।

### अजय देवगन शूटिग के बाद मुंबई रवाना

**जोधपुर**, (कासं) । हिन्दी फिल्मों के अभिनेता अजय देवगन अपनी शूटिंग पूरी कर मंगलवार को जोधपुर से मुंबई के लिए रवाना हो गए। देवगन अपनी आगामी फिल्म रेड 2 की शूटिंग के लिए 30 मार्च को यहां पहुंचे थे। आज शूटिंग पूरी कर जोधपुर एयरपोर्ट से रवाना हुए। फिल्म की शूटिंग खींवसर फोर्ट और उसके आस-पास की गई। इस दौरान एयरपोर्ट पर अजय के पहुंचने की सूचना मिलते ही उनके प्रसंशकों की भीड़ जमा हो गई। उनकी एक झलक पाने और सेल्फी लेने के लिए लोगों मे होड़ मच गई। हालांकि सिक्योरिटी के कारण उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो पाई।

### भगवान ऋषभदेव का जन्म पर्व मनाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैन संघ द्वारा परमात्मा ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के दिन विविध आयोजन किए गए। महावीर भवन में रूपल कोठारी एवं सुपार्श्वनाथ जिनालय कोठारी पाड़ा में लाभार्थी मीना ओमप्रकाश बागचार तथा पार्श्व महिला मंडल द्वारा स्नात्र पूजा आयोजित की गई। दुर्ग स्थित भगवान ऋषभदेव की प्रतिमा की महेंद्र भाई बाफना एवं जैन भवन में परमात्मा प्रतिमा की पवन कोठारी द्वारा अंग रचना की गई।

### फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर पुलिस ने लम्बे समय से फरार मुल्जिम रायचंन्द को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त पुलिस ने वाहन पीकअप गाडी से अवैध 249 कार्टन शराब जब्त की गई थी ।

## सूने मकान में सैंध

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के कुडी भगतासनी सेक्टर 2 में रहने वाले इसरो कार्मिक के मकान में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से नगदी और कार की चाबी चोरी कर ले गए। वे होली पर परिवार सहित अपने पैतृक गांव गए हुए थे। कुडी भगतासनी पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

**आम सूचना**

मैं छैलसिंह पुत्र चमनाजी, उम्र 52 वर्ष जाति-राजपुरोहित, निवासी बैरठ तहसील व जिला जालोर शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का नाम छैलसिंह उर्फ सी सेलाराम उर्फ छैलाराम है उक्त नाम मुझ शपथकर्ता के ही है। मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में सी सेलाराम व खरीदसुदा रजिस्ट्री छैलाराम व छैलसिंह लिखा हुआ हैं जो मुझ शपथकर्ता का ही है। उक्त शपथ पत्र में मुझ शपथकर्ता ने कोई तथ्य नहीं छुपाया है।